# उपन्यास में आंतरिक द्वंद्व होना चाहिए




**इंदौर** नगर की साहित्य संस्था क्षितिज के द्वारा किए गए आयोजन में शहर के ख्यात समीक्षक और लेखक श्री दीपक गिरकर के उपन्यास 'एक बैंक मैनेजर की डायरी' का लोकार्पण वरिष्ठ साहित्यकार सूर्यकांत नागर के करकमलों से संपन्न हुआ। इस अवसर पर श्री सूर्यकांत नागर ने कहा कि उपन्यास में आंतरिक द्वंद्व होना चाहिए। इस कृति को उसकी भाषा शैली की दृष्टि से डायरी कहना ही उचित होगा। दीपक गिरकर समीक्षा और आलोचना में भी अपनी दखल रखते हैं इसलिए उन्होंने कृति की विषय वस्तु को भी उसी दृष्टि से रखा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. शोभा जैन ने कहा कि यह कृति समकालीन समय का सहज दस्तावेज है। डायरी की शक्ल में लिखा उपन्यास बैंकिंग व्यवस्था और खामी का समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण व्यक्त करती है जिसमें लेखक दीपक गिरकर ने बैंकिंग राजनीति के आंतरिक परिवेश पर भी अपनी पैनी नजर रखी है।

सारस्वत अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार श्रीमती अंतरा करवड़े ने कहा 'एक बैंक मैनेजर की डायरी' कृति जीवन की बैलेन्स शीट को बराबर करती है। इस कृति से दो चार होने के बाद दो सिद्धांतों से जुड़े तथ्य सबसे पहले सामने आते हैं।

इस उपन्यास में हम कभी नायक के घर, उसकी पत्नी, गृहस्थ जीवन आदि की कल्पना शायद ही कर पाएं, चूंकि पूरी डायरी कार्यालयीन व्यवहार और उतार चढ़ावों का हिसाब किताब देती है, हम भी उन घटनाओं में ही संवेदना, विविध रस, भावनाएं और कल्पनाएं आदि का सृजन कर लेते हैं। सरस्वती वन्दना वाणी जोशी द्वारा की गई। अतिथियों का स्वागत डॉक्टर अखिलेश शर्मा, श्री सुरेश रायकवार, श्रीमती ज्योति जैन और श्रीमती आशा मुंशी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रश्मि चौधरी और आभार प्रदर्शन श्रीमती तनुश्री उपगड़े द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में शहर के वरिष्ठ साहित्यकार अश्विनीकुमार दुबे, डॉ. पुरुषोत्तम दुबे, डॉ. योगेन्द्रनाथ शुक्ल, ब्रजेश कानूनगो, नंदकिशोर बर्वे, किशन शर्मा 'कौशल ', डॉ. वसुधा गाडगिल, तनुजा चौबे, आशा वडनेरे, श्रीमती सुषमा व्यास 'राजनिधि ', राममूरत राही, प्रदीप नवीन, बी एल तिवारी, मुकेश तिवारी, गोपाल शास्त्री, मनीष व्यास, डॉ. दीपा व्यास, श्रीमती माधुरी व्यास 'नवपमा ', डी आर चव्हाण, आर सी रोनीवाल, श्याम पांडेय, आर एस माथुर, प्रकाश शर्मा, श्रीमती विद्या पाराशर, डॉ. ज्योति सिंह , अशोक सिसोदिया, प्रदीप कोरी, मुकेश इंदौरी, भाटवाडेकर, दीपक नाइक, बी आर स्वामी, एस डी वले, बिडवलकर, डॉ. नितिन उपाध्ये, रणजीत सिंह छाबड़ा, डॉ. मनीष दवे मौजूद थे।

## अखिल भारतीय किसान सभा के 90 वर्ष होने पर स्थापना दिवस मनाया गया



**इंदौर** अखिल भारतीय किसान सभा के 90 वर्ष होने पर स्थापना दिवस के अवसर पर देश प्रदेश के साथ ही इंदौर जिले के गांवो में भी 90 व स्थापना दिवस मनाया गया। किसान सभा कार्यालय पर किसान सभा की वरिष्ट सदस्य कामरेड अयोध्या बाई के द्वारा झंडा फहराया गया इस मौके पर किसान सभा के प्रदेश सचिव अरुण चौहान साथी छगन चौहान उपस्थित रहे इसके पूर्व 10 अप्रैल को राउ क्षेत्र के खेत मजदूर किसानों के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक सम्पन्न हुई बैठक को संबोधित करते हुए स्थापना दिवस पर किसान सभा के इतिहास की जानकारी प्रदेश सचिव अरुण चौहान द्वारा रखी गई 11 अप्रैल स्थापना दिवस पर महू और अनेक स्थानों पर किसानों ने झंडा फहराया और खेती किसानी को बर्बाद करने वाली नीतियों का जमकर विरोध करने का संकल्प लिया कार्यक्रम में देवकरण कोहली, कमल चौहान, राधेश्याम डाबर , चुन्नी बाई भूरिया, सीताराम अहीरवाल, भादर सिंह कटारे, मनोहर डाबर, शंकर लाल मालवीय, अर्जुन बारिया, कन्हैया लाल भूरिया उपस्थित रहे बैठक में अहिर खेड़ी पर काशीराम नायक के नेतृत्व में झंडा वंदन स्थापना दिवस मनाया गया इसमें सिद्धार्थ मेरे कमलाबाई राठौर दीपक मोर वह अन्य साथी गण शामिल हुए ।

## आधी आबादी मातृ शक्ति को मिलेगा लोकसभा, राज्यसभा व विधानसभा में 33 प्रतिशत प्रतिनिधित्व



**इंदौर** मां देवी अहिल्या मातृ शक्ति मंच की संयोजक श्रीमती रेखा जैन , श्रीमती श्रेष्ठा गोयल, श्रीमती ज्योति जैन, श्रीमती सपना राठौर, श्रीमती शिल्पा ग्रोवर, श्रीमती रजनी भण्डारी, श्रीमती डॉ. माया इंगले, डॉ. निरजा पुराणिक, श्रीमती रीतु ग्रोवर, श्रीमती कविता वाधवानी, श्रीमती संध्या चौकसे, श्रीमती मंजू शाह चौधरी, श्रीमती संगीता उप्पल, श्रीमती कंचन ज्योति दीक्षित, विधायक श्रीमती मालिनी लक्ष्मणसिंह गौड,, श्रीमती अंजू माखीजा, श्रीमती शिवानी अड़सपुरकर, श्रीमती निधि बंग, श्रीमती वृन्दा गौड़ व महिला संगठनों ने संयुक्त पत्रकार-वार्ता में बताया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रति इंदौर की मातृ शक्ति आभार ज्ञापित करती है कि नारी शक्ति अधिनियम के अंतर्गत महिलाओं को लोकसभा, राज्यसभा व विधानसभा में 33 प्रतिशत अतिरिक्त आरक्षण प्रदान किया जायेगा। देश की आधी आबादी को इस कदम से सीधे सामाजिक न्याय मिलेगा। कभी-कभी किसी निर्णय से देश का भाग्य बदलता है, हम ऐसे ही ऐतिहासिक निर्णय के साक्षी बनने जा रहे है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को धन्यवाद ज्ञापित करने के लिये इंदौर की मां देवी अहिल्या मातृशक्ति मंच द्वारा 14 अपैल को दोपहर 12:00 बजे लता मंगेशकर सभागृह राजेंद्र नगर में मातृशक्ति वंदन सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम की श्रृंखला में बहनों की मानव श्रृंखला और युवतियों की दुपहिया रैली भी निकाली जायेगी, महिला मैराथन का भी आयोजन होगा।

## अ भा कायस्थ महासभा द्वारा नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**इंदौर ।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, इंदौर द्वारा आज मेदांता हॉस्पिटल में एक विशेष 'हेल्थ चेकअप शिविर' का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान उपस्थित लोगों की बीपी, शुगर सहित अन्य प्राथमिक जांचें की गईं।इसके अलावा, मेदांता हॉस्पिटल के विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ और वरिष्ठ चिकित्सकों ने समाजजनों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। डॉक्टरों ने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में अपनी दैनिक कार्यशैली को कैसे बेहतर और संतुलित बनाया जाए, ताकि स्वयं को बीमारियों से दूर रखकर पूर्णत : स्वस्थ रखा जा सके ।इस अवसर पर महासभा के अध्यक्ष राकेश के. श्रीवास्तव, महासचिव ब्रजेश श्रीवास्तव और महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष मीनू श्रीवास्तव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे ।स्वास्थ्य शिविर के सफल आयोजन में रमेश श्रीवास्तव, मंजू श्रीवास्तव, सतीश श्रीवास्तव, अतुल श्रीवास्तव, रश्मि श्रीवास्तव, आशीष खरे, शिवानी खरे, राजवर्धन श्रीवास्तव, रंजना श्रीवास्तव, सुनील सक्सेना, वंदना सक्सेना, प्रतिमा श्रीवास्तव, सोमेश्वर श्रीवास्तव, समीर सक्सेना, नम्रता सक्सेना, मोनिका श्रीवास्तव, महावीर प्रसाद श्रीवास्तव और मीना श्रीवास्तव ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई।

## मंत्री सिलावट ने वार्ड-36 में ढाई करोड़ के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन-लोकार्पण



**इंदौर।** जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने सांवेर विधानसभा क्षेत्र के नगरीय वार्ड क्रमांक-36 में लगभग ढाई करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इन कार्यों से क्षेत्र के 20 हजार से अधिक रहवासियों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

मंत्री श्री सिलावट ने बताया कि वार्ड-36 में विभिन्न स्थानों पर निर्मित 6 नए गार्डनों का लोकार्पण किया गया है। इन गार्डनों में नागरिक सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए पाथवे, गज़ीबो, फव्वारा, फाउंटेन तालाब, आकर्षक लाइटिंग की व्यवस्था की गई है। साथ ही वृद्धजन, युवाओं एवं बच्चों के लिए झूले, चकरी और जिम उपकरण भी लगाए गए हैं। योगाभ्यास के लिए पृथक स्थान विकसित किया गया है, जहां एक साथ 50 से अधिक लोग योग कर सकते हैं।

मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि वार्ड-36 आदर्श वार्ड की श्रेणी में आता है। उन्होंने बताया कि विधायक एवं मंत्री बनने के बाद से अब तक इस वार्ड में लगभग 100 करोड़ रुपये के विकास कार्य किए जा चुके हैं तथा करीब 20 करोड़ रुपये के अतिरिक्त कार्यों के टेंडर जारी हो चुके हैं, जिन पर शीघ्र ही कार्य प्रारंभ होगा।

कार्यक्रम में बब्लू शर्मा, जलकार्य प्रभारी सुरेश कुलवाडे, पार्षद राकेश सोलंकी, मंत्री प्रतिनिधि श्री पप्पू शर्मा, यशवंत शर्मा, महेश मंत्री, श्रीमती वंदना शर्मा, पूर्व सरपंच विक्रम सिंह, पेयजल प्रभारी पंकज दहायत उपस्थित रहे।

## 1409 हेलमेट,139 रॉंग पार्क,24 मोबाइल,40 पर वनवे की कार्यवाही



**इंदौर।** पुलिस उपायुक्त यातायात राजेश कुमार त्रिपाठी द्वारा अधिकारियों एवं यातायात टीमो के प्रभारियों को बेहतर यातायात प्रबंधन के लिए लगातार क्षेत्रों में टीम को व्हील लॉक/ पेट्रोलिंग की कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिए गए। निर्देशों के अनुरूप सभी पेट्रोलिंग टीमों द्वारा अपने अपने क्षेत्रों में चिन्हित प्रमुख मार्गो, व्यस्त बाजारों एवं अधिक यातायात दबाव वाले क्षेत्रों में निरंतर भ्रमण कर अवैध एवं अव्यवस्थित पार्किंग पर नियंत्रण किया गया साथ ही नो- पार्किंग के साथ अब रॉंग साइड, मोबाइल का उपयोग, लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वालों पर भी कार्यवाही की गई।

इन क्षेत्रों में कार्यवाही की गई - यातायात जोन-1-अन्नपूर्णा रोड, बड़ा गणपति से गोरा कुंड वापस बड़ा गणपति, बड़ा गणपति से एयरपोर्ट वापस बड़ा गणपति, गौराकुण्ड, इमली बाजार, मरीमाता क्षेत्र में कार्यवाही।

यातायात जोन-2 मेदांता रोड, मॉल के सामने, मालवामिल से पाटनीपुरा, भमोरी, परदेशीपुरा से एलआईजी, रसोमा, विजयनगर क्षेत्र में कार्यवाही की गई

यातायात जोन-3- 56 दुकान, जंजीरवाला, गिटार तिराहा से आंनद बाजार, व्हाईट चर्च, पलासिया से रीगल, रीगल से दवा बाज़ार, कोठारी मार्केट ,जेल रोड, इंडस्ट्रीज हाउस से जंजीर वाला, घण्टाघर तक सड़क के दोनों तरफ कार्यवाही।

यातायात जोन-4- टॉवर से खातीवाला टैंक, यशवंत रोड से बैंक टी, सराफा बाजार, शक्कर गली, जवाहर मार्ग, नरसिंह बाजार से क्लॉथ मार्केट, गोराकुंड तक लगातार भ्रमण कर कार्रवाई की गई।

सड़कों पर दिखाई दे रहे सकारात्मक परिणाम- प्रमुख बाजारों एवं व्यस्त मार्गो पर अवैध पार्किंग में कमी आई है। कई स्थानों पर पहले की तुलना में यातायात का प्रवाह अधिक सुगम हुआ है। पेट्रोलिंग टीमों की सतत मौजूदगी से वाहन चालक यातायात नियमों के प्रति अधिक सजग हुए हैं। भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में तत्काल यातायात प्रबंधन संभव हो रहा है, जिससे जाम की स्थिति कम हुई है।नागरिकों एवं व्यापारियों में नियमित पार्किंग व्यवस्था के प्रति जागरूकता बढ़ी है। यातायात पुलिस द्वारा 1753 के विरुद्ध कार्यवाही की। टीमो द्वारा 1409 हेलमेट, 139 रॉंग पार्क, 24 मोबाइल, 40 पर वनवे की कार्यवाही एवं अन्य उल्लंघन पर भी कार्यवाही की गयी। सैकड़ो वाहनों को नो पार्किंग क्षेत्रो से हटवाया जा रहा है। पेट्रोलिंग टीमों द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर यातायात दबाव वाले स्थानों का निरीक्षण किया जाता है तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध व्हील लॉक, क्रेन एवं चालानी कार्यवाही की जाती है।परिणामस्वरूप शहर के कई क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था अधिक व्यवस्थित एवं सुगम हुई है, जिससे आम नागरिकों को राहत मिल रही है।

## मानक जागरूकता संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन




**इंदौर।** भारतीय मानक ब्यूरो, भोपाल द्वारा संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन इंदौर के खातीपुरा ग्राम गौरी नगर में में मानक जागरूकता / संवेदनशीलकरण (कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन सहयोगी संस्था अपराजिता महिला संघ, इंदौर के माध्यम से किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं की सहभागिता रही। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों, उद्योगों, विद्यार्थियों तथा उपभोक्ताओं के बीच गुणवत्ता मानकों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इस कार्यक्रम में मानक ब्यूरो से श्री श्रीधर पांडेय ने त्रश्चश्चद्द्यद्ग स्र्द्गद्दद्ब के माध्यम से प्रतिभागियों को संबोधित किया। आपने संबोधन में श्रीधर पांडेय सर ने मानकों के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मानक किसी भी उत्पाद या सेवा की गुणवत्ता, सुरक्षा एवं विश्वसनीयता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने द्बस्द्ब मार्क, गुणवत्ता प्रमाणन तथा उपभोक्ता सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ भी साझा कीं।

## संस्था मातृभूमि ने मनकामेश्वर महादेव मंदिर पर 201 सकोरे का किया वितरण



**इंदौर।** संस्था मातृभूमि ने एक सराहनीय पहल करते हुए गर्मियों में पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए 5100 सकोरे का वितरण करने अभियान के तहत मनकामेश्वर महादेव मंदिर पर ब्राह्मणों को सकोरे वितरित किए। रहवासियों को पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था करने का संकल्प भी दिलाया।

संस्था के सुरजीत सिंह वालिया ने बताया कि इस अभियान में अब लगातार 5100 सकोरे का वितरण जारी किया जा रहा है इसी के तहत 201 सकोरे का वितरण किया। सभी को पक्षियों के लिए घरों की छतो पर सकोरे रखकर उसमे दाना पानी की व्यवस्था करने का संकल्प भी दिलाया।

संस्था के सुरजीत सिंह वालिया का कहना है कि मनुष्य को प्यास बुझाने के लिए बड़ी ही सहजता से ठंडा पानी उपलब्ध हो जाता है, लेकिन मूक पशु-पक्षियों के लिए यह इतना आसान नहीं होता है, तपती धूप में नन्हें पक्षी दिन भर प्यासे रहेते है इसको लेकर संस्था तकरीबन 19 वर्षो से निशुल्क सकोरे वितरण करती है। इस बार भी संस्था 5100 से ज्यादा सकोरे का वितरण करेगी। ताकि पक्षियों की प्यास बुझाई जा सके। इस अवसर पर मुकेश केरो आरती जायसवाल मनोज सर पवन राजोरिया ओम गुर्जर ओमप्रकाश पानेरी सहित अन्य मौजूद थे।

## इंदौर के अजन श्रीवास्तव हुए जालसाजी का शिकार



**इंदौर** केट रोड निवासी अजन श्रीवास्तव ने बताया कि मैंने एक जमीन खरीदी वह कुछ समय बाद उस जमीन को बेचने का सौदा गुरजीत रघुवंशी पिता मनोज रघुवंशी के साथ किया था लेकिन कुछ समय बाद मुझे मालूम पडा की खरीदी जमीन शिवनारायण जला द्वारा शहर के सक्रिय भू माफिया के माध्यम से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जमीन बेची गई मैंने अपनी बेची जमीन का सौदा तुरंत कैंसिल कर अनुबंध की संपूर्ण राशि ब्याज सहित गुरजीत रघुवंशी को वापस कर दी लेकिन फिर भी गुरजीत रघुवंशी द्वारा मुझे डरा धमकाकर और पैसों की मांग की जा रही है यह मामला तीन माह पहले से जिला न्यायालय में विचाराधीन है उसके बावजूद भी गुरजीत रघुवंशी मुझे डरा-धमकाकर मुझसे रुपयोंकी मांग करता है और मुझे कहता है कि अगर तूने मुझे रुपए नहीं दिए तो अपनी लाइसेंसी बंदूक से तुझे और तेरे परिवार को खत्म कर दूंगा

## कार्टून कोना










## परिणय सूत्र में बंधने वाले 25 नवयुगलो ने स्वदेशी सामान अपनाने की ली शपथ

**इंदौर।** संस्था हर्ष द्वारा 19 अप्रैल, अक्षय तृतीया को 25 जोड़ो का सामूहिक विवाह बाणगंगा स्थित बाणेश्वर कुंड में आयोजित किया जा रहा है, जिसके पहले आयोजन स्थल पर भूमिपूजन हुआ।

वही दूल्हा दुल्हन को सूट और चुन्नी बेस वितरित किए गए, साथ ही शादी करने वाले नवयुगलों को स्वदेशी सामान अपनाने की शपथ दिलाई गई।

संस्था हर्ष के अध्यक्ष चंदन सिंह बैस ने बताया कि 19 अप्रैल को आयोजित होने वाले निशुल्क सर्वसमाज सामूहिक विवाह सम्मेलन में शामिल वर वधुओ को संस्था की ओर से पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय ने दूल्हे को सूट और दुल्हन को चुन्नी बेस दिए गए। साथ ही वैवाहिक कार्यक्रम की संपूर्ण जानकारी देकर आयोजन को भव्य बनाने के लिए चर्चा की । कार्यक्रम कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के मार्गदर्शन में हुआ।



सामूहिक विवाह का भूमि पूजन पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय ने आचार्य पंडितों की उपस्थिति में वेद मंत्रों के बीच किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजजन सम्मिलित हुए।

चंदन सिंह बैस ने बताया कि 19 अप्रैल को आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह में सुबह 10 बजे शाही बाना खाटू श्याम मंदिर से निकलेगा जो आयोजन स्थल पहुंचेगा, उसके बाद 25 जोड़े हिंदू रीति रिवाज से परिणय सूत्र में बंधेगे।